धोनी बल्लेबाज को काफी तेज स्टंप करने में माहिर हैं। 43 साल की उम्र में भी धोनी में अभी भी वह फुरती हैं। धोनी ने 2019 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन वह आईपीएल में अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स के लिए विकेटकीपिंग करते हैं। - रवि शास्त्री

भारत के पूर्व कोच, लंदन में हॉल ऑफ फेम कार्यक्रम के तहत बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा, बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भिड़ेंगे। दोनों टीमें 113 साल पहले भी लॉर्ड्स पर टेस्ट मैच में भिड़ चुकी हैं।

पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा ऑस्ट्रेलियाई तिलिस्म

लंदन, 10 जून। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है।

टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है।

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे

युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है।

कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने से चूकने पर भी टीम इंडिया को मिलेंगे करोड़ों रुपये

नई दिल्ली, 10 जून। 11 जून से 15 जून तक इंग्लैंड के लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं जो भी टीम चैंपियन बनेगी उसे प्राइज मनी के तौर पर करोड़ों की धनराशि मिलेगी। हालांकि, चैंपियन टीम के अलावा रनर-अप टीम और भारतीय टीम पर भी पैसों की बारिश होगी।टीम इंडिया भले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच पाई हो लेकिन उस पर आईसीसी की तरफ से पैसों की बरसात होगी। उसे तकरीबन उतने पैसे मिलेंगे जितने पैसे 2021 और 2023 के डब्ल्यूटीसी चैंपियन को मिले थे। ये मुमकिन हुआ है इसलिए कि आईसीसी ने डब्ल्यूटीसी की इनाम राशि को बढ़ाकर तकरीबन दोगुना कर दिया है। तीसरे नंबर पर रहकर इस बार फाइनल चूकने पर भारत को 14.4 लाख डॉलर यानी करीब 12.32 करोड़ रुपये मिलेंगे। पिछले दो फाइनल में भारत हारकर रनर अप रहा था तब उसे 8-8 लाख डॉलर ही मिले थे।

इस बार फाइनल जीतने वाली टीम को 36 लाख डॉलर की इनाम राशि मिलेगी। ये 2021 की चैंपियन न्यूजीलैंड और 2023 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को तब मिली इनाम राशि के दोगुने से भी ज्यादा है। इस बार डब्ल्यूटीसी फाइनल हारने वाली टीम को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे। यानी इस बार के रनरअप को पिछले दो चैंपियंस को मिली इनाम राशि से भीज्यादा मिलेंगे। 2023 में ऑस्ट्रेलिया और 2021 में न्यूजीलैंड को डब्ल्यूटीसी खिताब जीतने पर 16-16 लाख डॉलर ही मिले थे। दोनों ही बार फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी और उसे 8-8 लाख डॉलर की इनाम राशि मिली थी। इस बार तीसरे नंबर पर रहने वाली भारतीय टीम को 14.4 लाख डॉलर मिलेंगे जो भारतीय मुद्रा में करीब 12.32 करोड़ रुपये है।

यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़

लंदन, 10 जून। राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। रुतुराज

गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है। वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। रुतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे।

28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41.77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56.15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा, मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता

जयपुर, 10 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने बताया कि बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में आज सवाई माधोपुर, नागौर, भरतपुर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जोधपुर ,चित्तोड़, बांसवाड़ा, पाली, अजमेर, झुंझनू जीते। कोल्विन शील्डमें आज सबसे बड़ा धमाका जोधपुर में हुआ। वास्तविकता के पहले जोधपुर के खिलाफ 425 ब्लास्ट का रिकॉर्ड खड़ा किया गया। बाद में असेंबल को 56 टुकड़ों पर आउट कर 369 टुकड़ों में बनाया गया। जोधपुर के जीत सीजन में अभी तक खेले गए मुकाबलों की सबसे बड़ी जीत रही। कोल्विन शील्ड के चौथे दिन कुल 6 खिलाड़ियों ने शतक ठोके। वहीं 5 लोग ऐसे रहे, मैच में 5 या 5 से ज्यादा विकेट अपने नाम। आज भूपेंद्र शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, भवानी सुथार, अजय भाटी, सौरव यादव, तनिष्क सिंघल, अनिरुद्ध

सिंह, कार्तिक शर्मा, शुभम गढ़वाल, रामनिवास गोलाडा, विजय कुमावत, हनुमान बेनीवाल, रमन घारू, मीत भावसार, सचिन शर्मा, देवव्रत शर्मा, अजय राज सिंह, करण मीणा, नवीन कुमार का शानदार प्रदर्शन रहा।

दौसा को रोमांचक मुकाबले में हनुमानगढ़ ने एक विकेट से हराया

जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया गया की कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में दौसा का दूसरा मैच हनुमानगढ़ से था जिसमे हनुमानगढ़ ने पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी को चुना। इस अहम मुकाबले में दौसा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही दौसा की टीम 20 रन पर पांच विकेट गिर गए फिर बल्लेबाजी के लिए सचिन शर्मा ने आक्रामक पारी खेलते हुए 90 रन और देवकृत शर्मा ने नाबाद 80 रन बनाए जिसकी बदौलत 213 रन का स्कोर खड़ा किया। बाद में बल्लेबाजी करते हुए हनुमानगढ़ को दौसा के गेंदबाजों ने कसकर गेंदबाजी की और अंतिम ओवर तक हनुमानगढ़ की टीम को बांधकर रखा परंतु हनुमानगढ़ ने एक विकेट से जीत दर्ज की ।दौसा की ओर से गेंदबाजी करते हुए करण मीणा ने 42 रन देकर 5 विकेट और ध्रुव सेठी ने 38 रन देकर दो विकेट लिए। सचिव बृजकिशोर उपाध्याय द्वारा सभी खिलाड़ियों को आगामी मैचो में अपनी कमजोरी को दूर कर शानदार खेलने हेतु प्रेरित किया। दौसा का अगला मैच कल अजमेर से होगा ।

जयपुर जिले की अंडर-14 और अंडर-15 बॉयज फुटबॉल टीम के चयन हेतु ट्रायल

जयपुर, 10 जून। राजस्थान फुटबाल संघ अंडर 15 बालक वर्ग की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता 22 जून से 24 जून तक सीकर में और अंडर 13 बालक वर्ग की स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता 27 जून से 30 जून तक अजमेर में आयोजित करने जा रहा है। इसमें भाग लेने वाली जयपुर जिले की टीम के चयन हेतु एक ट्रायल का आयोजन आगामी 15 जून (रविवार) को चौगान स्टेडियम, जयपुर में आयोजित की जा रही है। अंडर 15 बालक प्रतियोगिता के लिए 2010 और 2011 में जन्म लिए खिलाड़ी और अंडर 13 बालक प्रतियोगिता के लिए 2012 और 2013 में जन्मे खिलाड़ी और उनका आधार कार्ड जयपुर जिले का है यानी कि वह जयपुर जिले के निवासी हैं वह इस ट्रायल में भाग लेने के लिए पात्र हैं। सभी इच्छुक खिलाड़ियों को रविवार 15 जून को सुबह 7:00 बजे तक चौगान स्टेडियम के फुटबॉल मैदान पर ट्रायल हेतु रिपोर्ट करनी है। ट्रायल में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक खिलाड़ियों को 14 जून तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें ट्रायल में भाग लेने नहीं दिया जाएगा। संपर्क सूत्र - अब्दुल जब्बार (9928369917), मनोज शर्मा (9414441770), डॉ दिलीप सिंह चुंडावत (9314441705), सेबी फिलिप्स (9828999467)

बीकानेर

गोटा मिलों में धोकर बेचे जा रहे थे मूंगफली और मूंग के नकली बीज

बीकानेर, (कासं)। जिले में नकली खाद और बीज का कारोबार वर्षों से गुपचुप तरीके से फल-फूल रहा था। कृषि विभाग के कुछ अधिकारियों और बड़े व्यापारियों की मिलीभगत से यह अवैध व्यापार इतना मजबूत हो चुका था कि किसानों की मेहनत, पूंजी और उम्मीदें साल दर साल बर्बाद होती रहीं।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के सख्त निर्देश पर शुरू हुए कृषि आदान गुण नियंत्रण अभियान ने इस काली सच्चाई को उजागर किया है। अगर यह कार्रवाई नहीं होती तो आने वाले खरीफ सीजन में हजारों किसान नकली खाद-बीज के कारण भारी नुकसान झेलने को मजबूर होते। यहां नकली डीएपी और अन्य उर्वरकों की ब्रांडेड पैकिंग में रिसाइकल सामग्री या केमिकल्स भरे जा रहे थे। बीजों के मामले में मूंगफली और मूंग जैसे बीजों को गोटा मिलों में धो-पोंछकर बीज के रूप में बेच दिया जाता था।

जिन दुकानों से नकली खाद-बीज बरामद हुए हैं, उनके लाइसेंस रद्द किए जाएं। किसानों को नकली उत्पाद बेचने वालों पर एफआईआर दर्ज हो। विभागीय अधिकारियों की भूमिका की स्वतंत्र जांच कर कार्रवाई

- **लम्बे समय तक नकली उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता खत्म हो सकती है**

की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में नकली आदान बेचने वाले मोबाइल विक्रेताओं पर निगरानी बढ़े। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा द्वारा शुरू किया गया छापेमारी अभियान इस पूरे नेटवर्क के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई साबित हुआ है। इस दौरान 543.50 क्विंटल नकली बीज, 18 क्विंटल नकली उर्वरक, और 29 नमूने जांच के लिए जब्त किए गए। नेशनल क्रॉप साइंस, श्री चारभुजा एग्रो इंडस्ट्रीज, लक्ष्मी एग्री एजेंसी, जयदयाल एग्रो सहित कई नामी प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई हुई। यह खुलासा हुआ कि कुछ जगहों पर इफको जैसी कंपनियों के पैकेटों में नकली माल भरा गया था।

भारतीय किसान संघ बीकानेर के जिला अध्यक्ष शंभू सिंह राठौड़ ने सरकार को पत्र लिखकर स्पष्ट कहा है कि यह कार्रवाई सराहनीय है लेकिन तब तक अधूरी है जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती। जिन अधिकारियों की मिलीभगत से यह धंधा चल रहा था, उन पर भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि नोखा और बीकानेर में पकड़े गए नकली डीएपी प्रकरण की स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाई जाए और इफको को कानूनी रूप से जवाबदेह बनाया जाए।

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह कार्रवाई समय पर नहीं होती तो खरीफ सीजन में हजारों किसानों को नुकसान होता। नकली बीजों से अंकुरण नहीं होता या कमजोर पौधे निकलते हैं। नकली खाद से पौधों को पोषण नहीं मिलता, जिससे उपज 40-60 प्रतिशत तक घट जाती है।

किसान कर्ज लेकर बीज और खाद खरीदते हैं, ऐसे में नकली उत्पाद मिलने पर आर्थिक तबाही आती है। लम्बे समय तक नकली उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता खत्म हो सकती है। बीकानेर जिले में नकली खाद और बीज का कारोबार कोई नया नहीं है। सालों से यह काम सुनियोजित ढंग से चल रहा था, जिसमें कुछ सरकारी अफसरों, लाइसेंसी व्यापारियों और नामी कंपनियों के स्थानीय प्रतिनिधियों की मिलीभगत रही है।

होनहार प्रतिभाओं का सम्मान किया

श्रीगंगानगर, (कासं)। जाट समाज की ओर से मोती पैलेस में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता नेतेवाला के पूर्व सरंपच हेतराम सहाराण ने की।

समाज की ओर से शिक्षा क्षेत्र में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर नेहा पुत्री हेमराज चौधरी, विनिता कुकणा पुत्री विजय सिंह, प्रिया सहारण, कोमल व खेल में अंकिता पूजा, जूडो में स्नेह हुड्डा, आरती हैण्डबॉल अंकित, ललित, दिवाकर, टीना सहित करीब 50 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एसडीएम रणजीत सिंह थे। विशिष्ट अतिथि आरएएस अजयपाल ज्याणी, आईपीएस दलीप जाखड़, जगदीश राव, साहबराम चाहर थे। समारोह में सबसे पहले अतिथियों को साफा व सम्मान प्रतीक से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से प्रतिभाओं की हौसला अफजाई तो होती ही है, साथ ही अन्यों को प्रेरणा मिलती हैं। इस समारोह को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने कहा कि इस तरह के समारोह समय-समय पर होते रहने चाहिए। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिका शिक्षा पर जोर दिया।

श्रमदान कर प्राचीन तालाब, जोहड़ की सफाई की

बीकानेर,(कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की पालना में चल रहे 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' के पांचवें दिन ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की ओर से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था। इसके मद्देनजर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि जिले की समस्त पंचायत समितियों में विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसके तहत जिले के नवीन 9 अमृत सरोवर प्रारंभ करने को लेकर कार्य योजना तैयार की गई। साथ ही जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों का शुभारंभ एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन किया गया।

उन्होंने बताया कि हरियालो राजस्थान के तहत आगामी मानसून में पौधारोपण किए जाने वाले कार्यों की अग्रिम तैयारियां की गई। साथ ही ग्रामीणों के सामूहिक श्रमदान प्राचीन तालाब, जोहड़ इत्यादि की साफ-सफाई एवं

- **वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित**
- **आगामी मानसून में पौधारोपण किए जाने वाले कार्यों की अग्रिम तैयारियां की गई**

मरम्मत कार्य भी करवाए गए। इन कार्यक्रमों में ओरण का चिन्हीकरण एवं घास बुवाई की पूर्व तैयारियां शुरू की गई।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत चल रहे कार्यों का भौतिक अवलोकन व सत्यापन किया गया। स्वच्छता का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत के सभी जल स्त्रोतों व सोखते गड्ढे की मैपिंग, साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य किए। उन्होंने बताया कि गांव के मुख्य चौराहों व सार्वजनिक स्थलों के साफ-सफाई आदि कार्य करवाए गए। अभियान में ग्रामीण वासियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई व ग्रामीण क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

अपूपगढ़ में लैला मजनू मेला 11 से शुरू

अनूपगढ़, (कासं)। लैला मजनू मजार पर लगने वाले पांच दिवसीय मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस वर्ष मेला 11 से 15 जून तक आयोजित किया जायेगा। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

थानाधिकारी ने बताया कि इस बार मेले का आयोजन एक दिन अधिक होगा। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए विशेष पुलिस बल तैनात किया जायेगा। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण विशेष सतर्कता बरती जायेगी। मेले में लगने वाली सभी दुकानों का वेरिफिकेशन किया जायेगा। आने-जाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान लैला मजनू विकास समिति के सदस्य और सरपंच मौजूद रहे। कमेटी के अध्यक्ष देशराज, प्यारा सिंह, परमजीत सिंह सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। थानाधिकारी ने कमेटी के साथ कानून व्यवस्था पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कमेटी के सदस्यों से भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने बांटे ओआरएस के पैकेट किया आमजन को जागरूक

-भीषण गर्मी जारी आमजन बरतें एहतियात लू.तापघात से बचाव बेहद जरूरी

श्रीगंगानगर,(कासं)। जिले में अत्यधिक गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से फिर से विशेष ऐहतियात बरतने की अपील की है।

विभाग ने स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही अब सार्वजनिक स्थलों पर विशेष टीम लगाकर ओआरएस वितरण करते हुए आमजन को जागरूक किया। इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू व तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं। सीएमएचओ डॉ अजय सिंगला ने बताया कि इन दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है और इस दौरान जागरूक रहना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि विभागीय टीम इन दिनों ओआरएस वितरण करते हुए आमजन को जागरूक करने में जुटी है। मंगलवार को स्थानीय टीम ने बस स्टैंड रेलवे स्टेशन एवं धानमंडी जैसे प्रमुख आवाजाही वाले स्थलों पर विशेष टीमें नियुक्त की जो आगामी दिनों में भी कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि सभी अस्पतालों में रोगियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस ड्रिपसेट सहित अन्य आवश्यक दवाईयां रखने के निर्देश पूर्व में दिए हैं।

किसानों को उन्नत कृषि एवं बागवानी की नवीनतम तकनीक की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान (29 मई से 12 जून के अंतर्गत केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान एवं अन्य संस्थानों (के.वी.के. बीकानेर, लूणकरनसर एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज जिले के लाखुसर, कालासर, दाउदसर, श्रीडूंगरगढ़, जोधासर, लखासर, पुनरासर,, छतरगढ़, सत्तासर, छतरगढ़, मोतीगढ़ एवं पूगल, रामिया फांटा, गोगलीवाली, मोंगराला ब्लॉक में विभिन्न किसान गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

किसानों को उन्नत कृषि एवं बागवानी किस्मों, नवीनतम तकनीकों, कृषि पद्धतियों तथा केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. दिलीप कुमार समादिया ने श्रीडूंगरगढ़ ब्लॉक के जोधासर, लखासर, पुनरासर में आयोजित किसान गोष्ठियों के दौरान बागवानी संस्थान द्वारा

विकसित कृषि संकल्प अभियान में आयोजित गोष्ठी में डॉ. एस. आर. मीणा ने किसानों को कृषि की उन्नत तकनीक की जानकारी दी।

विकसित जलवायु अनुकूल सब्जियों की किस्मों (काचरी, काकड़िया, लौकी, ग्वार फली, बैंगन, पालक, कूंदरू) की कम लागत वाली उत्पादन तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्राकृतिक खेती के साथ- साथ संस्थान द्वारा विकसित खेजड़ी-थार शोभा की उपयोगिता एवं

- **विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत किसान गोष्ठियों का आयोजन**

इनमें समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन पर भी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान छतरगढ़ ब्लॉक के सत्तासर, छतरगढ़, डांडी गावों में किसान गोष्ठी के दौरान संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. शिवराम मीना ने संस्थान द्वारा विकसित शुष्क क्षेत्रीय फल एवं सब्जियों की तकनीकियों को किसानों के खेत पर प्रक्षेत्र प्रदर्शन के रूप में प्रकाश डालते हुए कहा कि इनकी उत्पादन तकनीक एवं इनके मूल्य संवर्धन द्वारा किसान अधिक लाभ ले सकते है। साथ ही उन्होने संस्थान द्वारा समय-समय फल एवं सब्जियों पर दिये जाने वाले कृषक प्रशिक्षण के बारे में भी चर्चा की।

गुरूदेव तुलसी ने संपूर्ण जैन समाज के लिए उपकार किया

बीकानेर, (कासं)। गुरूदेव आचार्य तुलसी के 29 में महाप्रयाण दिवस की उपलक्ष में आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान की ओर से सात दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रथम दिवस का कार्यक्रम शांति निकेतन वयोवृद्ध साध्वी सेवा केन्द्र में आयोजित किया गया।

साध्वियों के द्वारा एक शब्द चित्र तुलसी के अवदान विषय पर प्रस्तुत किया गया। साध्वी शशी रेखा ने कहा की गुरुदेव तुलसी ने साध्वियों के ऊपर बहुत बड़ा उपकार किया है उन्हें शिक्षा देकर। साध्वी लब्धियशा ने कहा गुरूदेव तुलसी ने सिर्फ तेरापंथ को ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जैन समाज के लिए उपकार किया है वह है आगम संपादन का जिसे आगे को 100 वर्षों में करना संभव नहीं है। उस कार्य को उन्होंने 25 वर्ष में पूर्ण कर दिखाया। समणी मधुर प्रज्ञा ने कहा कि गुरुदेव तुलसी युग दृष्टा दूरदर्शी थे उन्होंने सदैव अपने शिष्यों को उनकी साधना में आगे बढ़ाने के लिए सहयोग प्रदान किया।

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड

निविदा आमंत्रित करने की सूचना दिनांक :- 09/06/2025

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
निविदा संख्या: RSMM/CO/PROJ/Solar Power/2025-26/02 दिनांक 06/06/2025 UBN No. MML2526WLOB00032	रिपेयर एण्ड रिस्टोरेषन एवं कम्प्रेहेन्सिव ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस ऑफ सोलर पावर प्रोजेक्ट 5 मेगावाट एट गजनेर डिस्ट्रीक्ट बीकानेर इन स्टेट ऑफ राजस्थान। धरोहर राशि: बोली सुरक्षा के एवज रूपये 16.00 लाख, निविदा शुल्क: राशि रू. 4720/- नकद/ डीडी द्वारा आर.एस.एम.एम.एल., उदयपुर के पक्ष में देय, प्रसंस्करण शुल्क राशि रू. 2500/- डीडी द्वारा एमडी आरआईएसएल, जयपुर के पक्ष में देय। निविदा डाउनलोड करने की तिथि 06.06.2025 26.06.2025 अपरान्ह 1.00 बजे तक एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि 26.06.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक।

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा समूह महाप्रबन्धक (परियोजना) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

हा.सं.बार/ही/25/3935 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)